गुजरात के उद्यमियों को यूपी में निवेश के लिए दिया न्योता

लखनऊ, हिटी। प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड समिट-2024 में बुधवार को सम्मिलित हुए। उन्होंने उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए एमओयू कर चुके गुजरात के प्रमुख निवेशकों से मुलाकात करने के साथ ही अन्य निवेशकों को यूपी में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

नन्दी ने यूपी में विभिन्न प्रोजेक्ट के जरिये करीब 38 हजार करोड़ से अधिक के निवेश के लिए एमओयू साइन कर चुकी कंपनी टोरंट पॉवर के एमडी जीनल मेहता के साथ बैठक की। टोरंट पॉवर ने सोनभद्र में 9600 करोड़ की लागत से 1750 मेगावाट का पम्प स्टोरेज प्लान्ट स्थापित करने, 13,200 करोड़ की लागत से सोनभद्र में ही 2400 मेगावाट का पम्प स्टोरेज स्थापित करने, लखनऊ में 250 करोड़ का फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग फैसेलिटी स्थापित करने के लिए एमओयू साइन किया है।

औद्योगिक विकास मंत्री नंदी ने गुजरात के व्यापारियों से भेंट की